## लखनऊ में सीएसआईआर स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2025 का समापन, सरकार ने स्टार्टअप्स को दी 137 करोड़ की वित्तीय सहायता

# यूपी भय मुक्त व्यापार करने का नया केंद्र : योगी

**समारोह**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने बीते साढ़े आठ वर्षों में सुरक्षा का उत्कृष्ट वातावरण दिया है। फियरलेस बिजनेस का केंद्र उत्तर प्रदेश बन चुका है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भी यूपी आज अग्रणी है। अब 'ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस' यूपी की नई पहचान है। व्यवसाय के लिए सुरक्षा, सुगमता और मजबूत इको सिस्टम जरूरी है और यह तीनों आज उत्तर प्रदेश में मौजूद हैं।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को लखनऊ में आयोजित सीएसआईआर स्टार्टअप कॉन्क्लेव-2025 के समापन समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी में विभिन्न स्टार्टअप उत्पादों का अवलोकन किया और अपने संबोधन में यूपी की उपलब्धियों और भविष्य की दिशा को सामने रखा।

**हम प्रयोगशाला से उद्योग तक युवाओं के साथ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार केवल नीतियां नहीं बना रही, बल्कि युवाओं, उद्यमियों और वैज्ञानिकों के विचारों को पंख दे रही है। सरकार हर योग्य स्टार्टअप के साथ खड़ी है। हम प्रयोगशाला से उद्योग तक युवाओं का साथ दे रहे हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में आयोजित सीएसआईआर स्टार्टअप कॉन्क्लेव को संबोधित किया।

### ओडीओपी से निर्यात बढ़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी आज ग्लोबल टेक और इनोवेशन हब के रूप में स्थापित हो रहा है। स्टार्टअप और स्टैंडअप की यह व्यवस्था आत्मनिर्भर भारत का आधार बनेगी। उन्होंने ओडीओपी योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि आज यूपी से प्रतिवर्ष दो लाख करोड़ रुपये का निर्यात हो रहा है।

### सीएम ने सराहना की

मुख्यमंत्री ने एनबीआरआई, सीमैप,आईआईटीआर, सीडीआर की सराहना करते हुए कहा दो दिवसीय इस कॉन्क्लेव ने न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। इस अवसर पर विभिन्न स्तरों पर कई एमओयू का आदान-प्रदान हुआ।

### लखनऊ स्टार्टअप हब

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री योगी की सराहना करते हुए कहा कि स्टार्टअप्स के मामले में जिस प्रकार हैदराबाद और दक्षिण भारत के शहर विकसित हुए हैं, वैसा ही पोटेंशियल लखनऊ में भी मौजूद है। लखनऊ स्टार्ट अप बनने की दिशा की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि यहां चारों केंद्रीय प्रयोगशालाओं- एनबीआरआई, सीडीआरआई, आईआईटीआर और सीमैप के निदेशकों ने भविष्य की कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि विज्ञान और तकनीक में जितना निवेश होगा, समाज उतना प्रगतिशील बनेगा और वही देश दुनिया का नेतृत्व करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत में स्टार्टअप इकोसिस्टम तेजी से बढ़ा है। आज भारत में एक लाख 90 हजार स्टार्टअप हैं और हम अमेरिका व ब्रिटेन के बाद तीसरे स्थान पर हैं। प्रधानमंत्री की सोच थी कि युवा जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर बनें।

**17** हजार से अधिक स्टार्टअप उत्तर प्रदेश में सक्रिय

**72** इनक्यूबेटर्स से नवाचार को दिया गया बढ़ावा

# परेशान न हों, इलाज में मदद करेगी सरकार: मुख्यमंत्री

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान प्रदेश भर से आये हर पीड़ित के पास पहुंचे, शिकायतें सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। 'जनता दर्शन' में 50 से अधिक लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे।

'जनता दर्शन' में रायबरेली के थाना खीरो के ग्राम बरवलिया के एक युवक भी पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनके पिता किडनी-हृदय व यूरिन की बीमारी से पीड़ित हैं। प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने में अब आर्थिक दिक्कत आ रही है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए अस्पताल से खर्च का ब्योरा भी मंगवाने को कहा। इलाज के लिए आर्थिक सहायता के लिए कई फरियादियों ने प्रार्थना पत्र दिया।

### नन्हे-मुन्नों को भी दुलारा, दी चॉकलेट

'जनता दर्शन' में कई फरियादियों के साथ बच्चे भी आए, जिन्हें मुख्यमंत्री ने दुलार भी किया। नन्हे-मुन्नों के सिर पर हाथ फेर अपनत्व का अहसास कराया। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को चॉकलेट-टॉफी भी प्रदान की।

➤ केजीएमयू में मरीज भर्ती P04